भारत सरकार

वित्त मंत्रालय

आर्थिक कार्य विभाग

राज्य सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 4049

(जिसका उत्तर 3 अप्रैल, 2018/13 चैत्र, 1940 (शक) को दिया जाने वाला है)

विमुद्रित नोटों की बरामदी

4049. श्री संजय सिंह:

क्या **वित्त मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) विमुद्रीकरण के दौरान बाजार में मौजूद 500 रुपये और 1000 रुपये के नोटों की संख्या का ब्यौरा क्या है;

(ख) वर्ष 2016 में विमुद्रीकरण के दौरान बैंक जमाओं के माध्यम से बरामद किए गए 500 रुपये और 1000 रुपये के नोटों की संख्या का ब्यौरा क्या है; और

(ग) क्रमश: 500 रुपये और 2000 रुपये के नए नोटों को जारी किए जाने पर खर्च की गई धनराशि का ब्यौरा क्या है?

उत्तर

वित्त मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री पोन्. राधाकृष्णन)

(क): 4 नवम्बर, 2016 की स्थिति के अनुसार, परिचालन में 500 रुपये और 1000 रुपये के नोट क्रमश: 17137.19 तथा 6841.40 मिलियन अदद थे।

(ख): सत्यापन प्रक्रिया पूरी हो जाने के आधार पर भावी संशोधनों के अध्यधीन 30 जून, 2017 की स्थिति के अनुसार प्राप्त हुए विनिर्दिष्ट बैंक नोटों का अनुमानित मूल्य 15.28 ट्रिलियन रुपये है।

(ग): वर्ष 2016-17 के दौरान, भारतीय रिजर्व बैंक ने 500 रुपये और 2000 रुपये के नए डिजाइन के नोटों की आपूर्ति के लिए क्रमश: 23.33 बिलियन रुपये तथा 12.40 बिलियन रुपये अदा किए थे।

******